सत्र : 2023-24

Date 03/08/2023

आज दिनांक 03.08.2023 को प्राचार्य की अध्यक्षता में IQAC की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जिन महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया एवं जो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये; का विवरण निम्नवत् है –

(1). शैक्षिक सत्र 2023-24 के शैक्षिक, सांस्कृतिक, विभागीय तथा प्रशासनिक गतिविधियों एवं अन्य सहगामी क्रियाओं के व्यवस्थित संचालन हेतु प्राचार्य के निर्देशानुसार विभिन्न समितियों का गठन यथाशीघ्र करने का निर्णय लिया गया।

(2). प्रवेश समिति के माध्यम से एकेडमिक कैलेण्डर एवं विश्वविद्यालय से प्राप्त प्रवेश संबंधी निर्देशों के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कराने पर विचार-विमर्श किया गया तथा छात्रों को विषय चयन में आ रही दिक्कतों के समाधान हेतु प्रवेश समिति के साथ-साथ अन्य प्राध्यापकों द्वारा सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

(3) ससमय समय-सारणी का निर्माण कर शिक्षण कार्य प्रारंभ कराने का निर्णय लिया गया।

(4) नव प्रवेशित छात्रों हेतु कक्षा शिक्षण आरंभ होने से पूर्व एक दिवसीय ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित कराने का निर्णय लिया गया।

प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में IQAC संयोजक एवं सदस्य सहित निम्नलिखित प्राध्यापक उपस्थित रहे –

Scanned with OKEN Scanner

संयोजक / समन्वयक

सदस्य - डॉ० शैफाली सक्सेना Shaiphali

सदस्य - डॉ० जितेन्द्र प्रसाद

सदस्य - डॉ० अर्जुन कुमार

सदस्य - श्री भूपाल सिंह

श्री विनोद सिंह

डॉ० संजय कुमार

डॉ० भावना अग्रवाल

डॉ०. रेखा

डॉ० संतोष पंसारी Santosh

डॉ० शिल्पी अग्रवाल

Shaiphali 03/08/2023

कृते प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कुणीधार, मानिला (अल्मोड़ा)

Scanned with OKEN Scanner

(२५)

Date 09/09/2023
Page

आज दिनांक 09.09.2023 को प्राचार्य की अध्यक्षता में IQAC की बैठक आहूत की गयी। इस बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए :-

(1). सत्र : 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 की AQAR भरने हेतु डाटा संकलन पर विचार किया गया, तथा समस्त प्राध्यापकों को Soft Copy and Hard Copy दोनों रूपों में डाटा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(2). विभागीय स्तर पर परिषद का गठन करने एवं परिषद् के तत्वावधान में विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया, जिसका उत्तरदायित्व समस्त विभाग प्रभारियों को सौंपा गया। साथ ही आयोजित किये जाने वाले समस्त कार्यक्रमों के फोटोग्राफ्स एवं आख्या विभागीय स्तर पर संरक्षित करने के साथ-साथ उसकी एक प्रति IQAC को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी समस्त विभाग प्रभारियों को दी गयी।

(3). छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शिक्षण कार्य के साथ-साथ सहगामी क्रियाओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया।

उक्त बैठक में IQAC के समन्वयक एवं सदस्यों सहित निम्नलिखित प्राध्यापक मौजूद रहे -

(1). डॉ॰ गोरखनाथ Gorakh

(2). डॉ॰ शैफाली सक्सेना - सदस्य Shaiphali

Scanned with OKEN Scanner

(3). डॉ० संजय कुमार

(4). डॉ० जितेन्द्र प्रसाद - सदस्य

(5). डॉ० भावना अग्रवाल

(6). डॉ० रेखा

(7). डॉ० संतोष पंसारी

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कुणीधार, मानिला (अल्मोड़ा)

(समन्वयक)
IQAC

आज दिनांक 29.11.2023 को प्राचार्य की अध्यक्षता में IQAC की बैठक आयोजित की गयी; जिसमें आगामी परीक्षा संपन्न कराने, आंतरिक मूल्यांकन, मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना में शोध प्रस्ताव प्रेषित करने संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श कर निम्नलिखित निर्णय लिए गए –

(1). समस्त प्राध्यापकों द्वारा दिसंबर 2023 तक अपने-अपने प्रश्न-पत्र के आंतरिक मूल्यांकन के अंक परीक्षा प्रभारी को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया; जिससे ससमय आंतरिक मूल्यांकन के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि की जा सके।

(2). मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना 2023-24 में शोध प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु प्राध्यापकों को निर्देशित करने का निर्णय लिया गया; जिसकी जिम्मेदारी डॉ० गोरखनाथ को दी गयी।

(3). आगामी नैक प्रत्यायन की तैयारी को ध्यान में रखते हुए समस्त प्राध्यापकों को अपने शोध पत्र/आलेख यू० जी० सी० द्वारा मान्यता प्राप्त शोध पत्रिका में प्रकाशित कराने हेतु अभिप्रेरित किया गया।

प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में IQAC समन्वयक एवं सदस्यों सहित निम्नलिखित प्राध्यापक उपस्थित रहे :–

(1). डॉ० गार्गी लोहनी – समन्वयक [signature]

(2). डॉ० शैफाली सक्सेना – सदस्य Shaiphali

(3). डॉ॰ जितेन्द्र प्रसाद - सदस्य

(4). डॉ॰ अर्जुन कुमार - सदस्य

(5). श्री भूपाल सिंह - सदस्य

(6). श्री विनोद सिंह

(7). डॉ॰ गोरखनाथ -

(8). डॉ॰ शीला कोरंगा -

(9). डॉ॰ भावना अग्रवाल

(10). डॉ॰ रेखा

(11). डॉ॰ संतोष पंसारी

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कुणीधार, मानिला (अल्मोड़ा)

Scanned with OKEN Scanner

आज दिनांक 24.02.2024 को प्राचार्य की अध्यक्षता में IQAC की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन की तिथि एवं मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना, 2023-24 में चयनित शोध प्रस्ताव पर विचार-विमर्श कर निम्नलिखित निर्णय लिए गए —

(1) राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ० गार्गी लोहनी द्वारा मार्च में प्रस्तावित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात) की तिथि पर विचार-विमर्श कर दिनांक 14.03.2024 से 20.03.2024 तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

(2) मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना 2023-24 में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ० गार्गी लोहनी का शोध प्रस्ताव चयनित होने पर उन्हें बधाई दी गयी तथा उच्च स्तर से माँगी गई सूचना यथाशीघ्र प्रेषित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

(3) चयनित शोध प्रस्ताव हेतु स्वीकृत धनराशि से क्रय की जाने वाली अनुपभोग्य वस्तुओं पर विचार-विमर्श हेतु क्रय समिति का निर्माण करने का निर्णय लिया गया।

(4) चयनित शोध प्रस्ताव हेतु आवश्यक शोध सहायक पत्रांक 51/41 (शोध प्रोत्साहन योजना)/2023-24, देहरादून दिनांक 20 सितम्बर, 2023 के बिंदु संख्या 24 के अनुसार प्रधान अन्वेषक (पी० आई०) द्वारा महाविद्यालय की शोध विकास समिति के सहयोग से यथाशीघ्र करने का निर्णय लिया गया।

उक्त बैठक में निम्नलिखित प्राध्यापक उपस्थित रहे। —

(1). डॉ० गार्गी लोहनी, समन्वयक

(2). डॉ० शैफाली सक्सेना - सदस्य Shaiphali

(3). डॉ० जितेन्द्र प्रसाद - सदस्य

(4). डॉ० गोरखनाथ

(5). डॉ० संजय कुमार

(6). डॉ० संतोष पंसारी Santosh

(7). डॉ० रेखा

(8). डॉ० खीला कोरंगा

(9) डॉ० भावना अग्रवाल

(10) डॉ० शिल्पी अग्रवाल

(11) श्री भूपाल सिंह

(12) श्री विनोद सिंह

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कुणीधार, मानिला (अल्मोड़ा)

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक : 01.05.2024

आज दिनांक 01.05.2024 को प्राचार्य की अध्यक्षता में IQAC की बैठक आहूत की गयी। इस बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया –

(1). शैक्षिक सत्र 2023-24 की मुख्य परीक्षा।

(2). मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना 2023-24 में चयनित शोध कार्य की प्रगति।

(3). शासन स्तर से प्राप्त शैक्षिक कैलेण्डर के अनुसार जून माह में स्नातक प्रथम सत्रार्ध के प्रवेश।

इस बैठक में सम्यक् विचारोपरांत निम्नलिखित निर्णय लिए गए –

(i) सत्र 2023-24 की मुख्य परीक्षा मई 2024 में प्रारंभ होने के दृष्टिगत सभी प्राध्यापकों द्वारा अपने-अपने प्रश्न-पत्रों के आंतरिक मूल्यांकन अंक पत्र दिनांक 15.05.2024 तक तैयार करने का निर्णय लिया गया, जिससे ससमय अंक परीक्षा प्रभारी को उपलब्ध कराये जा सकें।

(ii) प्रधान अन्वेषक (पी० आई०) को मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना 2023-24 के अंतर्गत प्राप्त शोध अनुदान धनराशि से क्रय की जाने वाली वस्तुएँ; यथा पुस्तकें, लैपटॉप, प्रिंटर, जर्नल, ऑनलाइन जर्नल सब्सक्रिप्शन पर होने वाला व्यय चैक/ऑनलाइन माध्यम से करने हेतु सहमति प्रदान की गयी।

(iii) शोध सहायक को दी जाने वाली धनराशि का भुगतान उसके बैंक खाते में ऑनलाइन माध्यम से अंतरित करने का निर्णय लिया गया।

(iv) शोध कार्य के दौरान उपभोग्य वस्तुओं पर होने वाला व्यय; यथा प्राथमिक तथ्यों के संकलन हेतु यात्रा एवं क्षेत्रीय कार्य, स्टेशनरी, फोटो कॉपी एवं प्रिण्ट,

सेमिनार, शोध पत्र प्रकाशन आदि पर होने वाला व्यय शोध अनुदान धनराशि से नकद आहरित करने हेतु प्रधान अन्वेषक को अनुमत करने का निर्णय लिया गया।

(V) शोध अनुदान से संबंधित आय-व्यय का विवरण प्रधान अन्वेषक डॉ० गार्गी लोहनी एवं शोध विकास समिति के संयोजक द्वारा अलग-अलग संरक्षित रखने हेतु प्रधान अन्वेषक एवं शोध विकास समिति के संयोजक को निर्देशित किया गया।

(VI) सत्र : 2024-25 हेतु शासन द्वारा 23 अप्रैल 2024 को जारी एकेडमिक कैलेण्डर के अनुसार 01 जून से 20 जून, 2024 तक स्नातक प्रथम सत्रार्ध में प्रवेश होना निर्धारित है। इसके लिए यथाशीघ्र प्रवेश समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

उक्त बैठक में महाविद्यालय के निम्नलिखित प्राध्यापक उपस्थित रहे —

(1). डॉ० गार्गी लोहनी – समन्वयक
(2). डॉ० शैफाली सक्सेना – सदस्य
(3) डॉ० अर्जुन कुमार – सदस्य
(4) श्री भूपाल सिंह – सदस्य
(5) श्री विनोद सिंह – सहायक
(7) डॉ० संजय कुमार –
(8) डॉ० भावना अग्रवाल
(9) डॉ० रेखा
(10) डॉ० संतोष पंसारी
(11). डॉ० रविन्द्र कुमार मिश्र

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
[illegible] (अल्मोड़ा)

Scanned with OKEN Scanner